हमीदिया की महिला डॉक्टरों का कमाल

गर्भवती महिला के पेट से निकाला 10 .2 किलो का ट्यूमर, बच्चे का भी कराया जन्म

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. हमीदिया अस्पताल में स्त्री और प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों ने एक बेहद मुश्किल ऑपरेशन को अंजाम दिया है. महिला डॉक्टरों ने एक गर्भवती महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन (सिजेरियन डिलीवरी) किया. जिसके पेट में बच्चे के साथ-साथ ओवरी (अंडाशय) में 10.2 किलोग्राम का एक विशाल ट्यूमर भी था. डॉक्टरों ने न सिर्फ महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई, बल्कि उसी ऑपरेशन के दौरान उस भारी-भरकम ट्यूमर को भी शरीर से बाहर निकाल दिया.

बता दें, यह जटिल ऑपरेशन जीएमसी की डीन डॉक्टर कविता सिंह और विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रेखा वाधवानी की देखरेख में हुआ. इस ऑपरेशन को सीनियर सर्जन डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. अदिति खरे ने किया. वहीं ऑपरेशन जटिल होने के कारण मरीज को बेहोश रखने और उसकी स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए एनेस्थीसियोलॉजिस्ट टीम से डॉ. तृप्ति वत्सल्य, डॉ. जितेन्द्र कुमार और डॉ. देवांशु सराफ ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई. साथ ही विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी इस पूरे सफर में टीम का पूरा साथ दिया.

-पहले गूंजी किलकारी, फिर निकाला ट्यूमर

डॉक्टरों की टीम ने सबसे पहले ऑपरेशन थियेटर में सावधानी बरतते हुए महिला की सिजेरियन डिलीवरी कराई, जिसके बाद 2.6 किलोग्राम के एक स्वस्थ शिशु ने जन्म लिया. बच्चे के सुरक्षित जन्म के तुरंत बाद डॉक्टरों ने महिला की ओवरी में मौजूद 10.2 किलोग्राम के ट्यूमर को शरीर से बाहर निकाला. राहत की बात यह है कि इस बेहद जटिल ऑपरेशन के बाद मां और नवजात बच्चा दोनों पूरी तरह से ठीक और सुरक्षित हैं.

हमीदिया महाविद्यालय में दीक्षा कार्यक्रम का समापन

भोपाल, 6 जुलाई. शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ. कार्यक्रम में छात्रों को कॉलेज जीवन की दिशा और अनुशासन का महत्व समझाया गया.समापन अवसर पर विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का उपयोग केवल ज्ञान और जानकारी के लिए करने तथा अनावश्यक समय बर्बाद न करने की सीख दी गई.साथ ही अध्ययन, व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के दौरान नए छात्रों को महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई.इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, करियर मार्गदर्शन, पुस्तकालय सुविधाएं और नई शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रम शामिल रहे.

मोक्ष कल्याणक महोत्सव का समापन



निज संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. कुराना जी अतिशय क्षेत्र में भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया.तीन दिन तक चले लघु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन रविवार को हुआ. मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान के निर्वाण प्रसंग का मंचन किया गया.

धार्मिक विधियां प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अविनाश के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं. वहीं मुनि श्री संभवसागर जी महाराज के सान्निध्य में सभी संस्कार पूरे किए गए. श्रद्धालुओं ने भगवान का महामस्तकाभिषेक और शांतिधारा अभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया. श्रद्धालु भक्ति गीतों और नृत्य के साथ अपनी खुशी व्यक्त करते नजर आए. महोत्सव के अंत में श्रद्धालुओं ने लड्डू वितरण किया.

कैनोइंग-कयाकिंग में एमपी सबसे आगे

खिलाड़ियों ने जीते 16 स्वर्ण, 17 रजत और 5 कांस्य पदक

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में 4 और 5 जुलाई को हुई अस्मिता लीग साउथ ज़ोन कैनोइंग एवं कयाकिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता.

प्रदेश के खिलाड़ियों ने दो दिन चली प्रतियोगिता में कुल 38 पदक अपने नाम किए. इनमें 16 स्वर्ण, 17 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल रहे. इसी प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा. प्रतियोगिता गंबरमगेड्डा रिजर्वायर में आयोजित की गई थी, जहां दक्षिण और मध्य भारत के कई राज्यों के खिलाड़ी उतरे. मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों और स्पर्धाओं में लगातार अच्छे नतीजे दिए. स्वर्ण पदकों की संख्या के साथ कुल पदकों में भी प्रदेश सबसे आगे रहा. खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबलों में बेहतर तालमेल और तकनीक का प्रदर्शन किया. कई युवा खिलाड़ियों ने भी पदक जीतकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई. इससे आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम का मनोबल बढ़ा है. हाल के वर्षों में कैनोइंग और कयाकिंग में प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है. पदक जीतने का सिलसिला जारी है.

मुकेश के जन्मदिवस पर होगा रिमझिम गिरे सावन 2 .0

भोपाल. कायस्थम द्वारा पार्श्व गायक मुकेश के 103वें जन्मदिवस पर 26 जुलाई को रिमझिम गिरे सावन 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद नेहरू नगर सभागार में दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा. इसमें कायस्थ समाज के 30 चित्रांश गायक फिल्मी गीत प्रस्तुत करेंगे. आयोजकों के अनुसार गायकों में काफी उत्साह है और चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. कार्यक्रम का दूसरा भाग सितंबर में होगा.

नगर निगम कमिश्नर ने किया चातुर्मास स्थल का निरीक्षण

- 18 जुलाई को आचार्यश्री का आगमन संभावित
- 25 जुलाई को होगी कलश स्थापना

निज संवाददाता

भोपाल, 6 जुलाई. आचार्य श्री समयसागर महाराज के प्रस्तावित चातुर्मास को लेकर राजधानी के जैन समाज द्वारा जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं. लगभग 20 संतों के साथ आचार्यश्री के 18 जुलाई को नगर आगमन की संभावना है.

एमपी नगर स्थित विद्योदय तीर्थ जिनालय में आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां जारी हैं. 6 जुलाई को भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा एमपी नगर जिनालय पहुंचकर चातुर्मास स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें डोम, भोजनशाला, पार्किंग, आवागमन सहित सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया. आचार्य श्री का भोपाल आगमन 18 जुलाई को संभावित है, चातुर्मास की शुरुआत 25 जुलाई को कलश स्थापना के साथ होगी और दीपावली के बाद इसका समापन रहेगा.

चातुर्मास के दौरान महाराज श्री एक ही स्थान पर विराजमान रहकर तप और साधना करते हैं, जिससे वर्षा ऋतु में सूक्ष्म जीवों की रक्षा हो सके. पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी ने कहा कि मंदिर परिसर में आवास, भोजन, पार्किंग और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि आचार्यश्री के साथ लगभग 20 अन्य संत भी रहेंगे और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं. उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे सहयोग कर इस ऐतिहासिक चातुर्मास को सफल बनाएं.

एक नजर में

सुख शांति भवन परिसर में किया पौधारोपण

भोपाल (निज संवाददाता). वन महोत्सव सप्ताह के दौरान नीलबड़ स्थित सुख शांति भवन में लगातार तीसरे दिन वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के कई प्रमुख लोग शामिल हुए .अतिथियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पेड़ केवल हरियाली नहीं बल्कि जीवन का आधार हैं. ये हमें शुद्ध हवा, वर्षा और संतुलित जलवायु देते हैं.

चित्रांकन प्रदर्शनी में उमड़े कला प्रेमी

भोपाल(सिटी रिपोर्टर). रंगायन आर्ट गैलरी में आयोजित चित्रांकन 2026 कला प्रदर्शनी के दूसरे दिन बड़ी संख्या में कला प्रेमी पहुंचे. प्रदर्शनी में अगस्त 2025 की कला कार्यशाला और उसके बाद तैयार की गई चुनिंदा कृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें रंगों, विषयों और अभिव्यक्ति की विविधता आकर्षण का केंद्र रही .आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी का उद्देश्य नए और स्थापित कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है. पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास ने भी गैलरी का भ्रमण किया और प्रदर्शित कलाकृतियों की सराहना की.

नगर में आज

शलाका चित्र प्रदर्शनी

समय- 12 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय

कला प्रदर्शनी चित्रांकन

समय- शाम 7 :00 बजे, **स्थान-** रंगायन आर्ट गैलरी, बावड़ियां कला

माह का प्रादर्श

समय- सुबह 10 बजे से, **स्थान-** मानव संग्रहालय

किसी से ओटीपी नहीं करें साझा, धोखाधड़ी से बचें

- बीयू में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग और नगरीय पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन में किया गया. आयोजन परिसर में स्थित क्षिप्रा सभागार में किया गया.

जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा. कार्यक्रम में कुलगुरु प्रोफेसर विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुरक्षित उपयोग करने का आह्वान किया.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडिशनल डीसीपी मिनी शुक्ला ने साइबर अपराध ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, फर्जी लिंक, ओटीपी और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी. उन्होंने किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करने की अपील की. साथ ही ऐसे साइबर अपराध की स्थिति में लोगों को तुरंत पुलिस और साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करने की सलाह दी.

शांतिवन में श्री सत्य साई बाबा के रथ का आगमन

भोपाल, 6 जुलाई. राजधानी के तुलसी नगर स्थित शांतिवन में श्री सत्य साई बाबा के प्रेम प्रवाहिनी रथ का आगमन हुआ. आंध्र प्रदेश के पुट्टापार्थी से आरंभ हुआ ये रथ भारत वर्ष के विभिन्न गाँव, शहरों और साई समितियों के भक्तों के बीच प्रेम प्रवाहित करते हुए लगातार भ्रमण कर रहा है. इस रथ को प्रशांति नीलियम के श्री सत्य साई मंदिर की भांति ही सुंदरता से सजाया गया है. बाबा के रथ के भोपाल आगमन के साथ ही सात दिवसीय उत्सव का आरंभ हो गया है. शांतिवन समिति ने रथ की अगवानी की. इस दौरान भजन संध्या आयोजित की गई.

महापौर और सबनानी ने किया पार्क, खेल मैदान का लोकार्पण

भोपाल, 6 जुलाई. महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में सोमवार को तुलसी नगर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क एवं खेल मैदान का लोकार्पण किया.

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर महापौर राय व विधायक सबनानी ने पार्क एवं खेल मैदान का लोकार्पण शिलापट्टिका का अनावरण कर किया. इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पार्क में पौधरोपण भी किया. इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बृजुला सचान के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

एसजीएसयू में दिए सफल करियर के मंत्र

भोपाल, 6 जुलाई. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं से जोड़ने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया. 'रियल वर्ल्ड स्किल्स के माध्यम से फार्मेसी विद्यार्थियों को सशक्त बनाना' विषय पर आयोजित सत्र में फार्मा करियर ब्रिज के संस्थापक एवं निदेशक कृष्णेंदु मिश्रा ने कहा कि आज केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल और व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करना भी आवश्यक है.

मैनिट में डेटा विश्लेषण पर प्रशिक्षण शुरू

हर विद्यार्थी का हुनर बन चुका डेटा विश्लेषण : डॉ . सिंह

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. मैनिट भोपाल के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग में सोमवार को एक सप्ताह के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. बता दें, स्वामी विवेकानंद सीनेट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय एसपीएसएस, स्टाटा और आर-स्टूडियो का उपयोग कर डेटा विश्लेषण रहा है. जिसे प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत किया जा रहा है.

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. मनोज कुमार सिंह शामिल रहे. उन्होंने मैनिट के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में डेटा विश्लेषण हर शोधार्थी और शिक्षक के लिए एक जरूरी हुनर बन चुका है. उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास और अनुसंधान के क्षेत्र में बेहतर अवसर देना है.

वहीं अध्यक्षीय भाषण में प्रो.अनुपमा शर्मा ने उच्च शिक्षा में आपसी सहयोग और अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मदन धनोरा ने बताया कि वर्तमान समय में बेहतर शोध और नीति निर्माण के लिए डेटा विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है. बता दें इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आर-स्टूडियो, स्टाटा और एसपीएसएस जैसे सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक ज्ञान दिया जायेगा.

सेवा उत्सव | सेवा भारती ने सेवा केंद्र के आठ वर्ष पूर्ण होने पर किया आयोजन

मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र के सहयोगियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

भोपाल, 6 जुलाई. सेवा भारती नानक मंडल द्वारा संचालित मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा उत्सव एवं सहयोगी अतिथि सम्मान समारोह कैंसर अस्पताल परिसर स्थित सेवा भारती मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय और सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव रामेंद्र सिंह तथा मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष डॉ. पीएस बिन्द्रा, प्रांत सचिव राजेश जैन, करण सिंह कौशिक की उपस्थिति में अतिथियों ने भोजन सेवा केंद्र सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी अभियान बताया.

मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने कहा कि भोजन सेवा केंद्र निस्वार्थ सेवा, करुणा और भारतीय संस्कृति के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के भाव का सशक्त उदाहरण है. इस अवसर पर भोजन सेवा अभियान से जुड़े सहयोगियों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष चेतन पटेल, सचिव मनोज शर्मा, अमित जैन टडेया, नवनीत अग्रवाल,तृप्ति अग्रवाल आदि उपस्थित रहे.

गौरांशी का एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप के लिए चयन

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 6 जुलाई. मध्यप्रदेश की बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा का चयन मलेशिया में होने वाली एशिया पैसिफिक डेफ बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है.

वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगी. ग्वालियर बैडमिंटन अकादमी से प्रशिक्षण लेने वाली गौरांशी का चयन उनके राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है.

खेल विभाग के मुताबिक, गौरांशी ने पिछले कुछ समय में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का भरोसा जीता. नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं में बेहतर खेल के दम पर उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई. अब उनसे मलेशिया में होने वाली चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है.